# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## FINAL EXAMINATION (2022 - 2023)
## SUBJECT : HINDI (II Language)

**Grade: IX** **Marks : 80**

**Date : 23/02/23** **Time : 3 hours**

---

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 10 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper .*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*This paper comprises of two sections – **Section A** and **Section B***
*Attempt **all** the questions from section **A**.*
*Attempt any **four** questions from section **B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any **two** other questions.*
*The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION 'A' (40 Marks)
*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **हिंदी** में लगभग **250** शब्दों में **संक्षिप्त** प्रस्ताव लिखिए :-

**(i)** " पुस्तकें केवल ज्ञान प्रदायिनी नहीं हैं अपितु जीवन की मार्गदर्शक भी हैं।" इस कथन के आधार पर पुस्तकों के महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

**(ii)** ' हम भारतवासी हैं और हमें इस पर गर्व है। ' इस वाक्य को ध्यान में रखते हुए भारत की संस्कृति और सभ्यता की **श्रेष्ठता** पर अपने विचार लिखिए।

**(iii)** भारतीय समाज में नारी की पहले और आज की स्थिति पर विचार करते हुए बताइए कि भारत में नारी का क्या स्थान है ?

**(iv)** एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-
' जिसके पास बुद्धि है उसी के पास बाल है। '

**(v)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए **अथवा** कहानी लिखिए जिसका सीधा व **स्पष्ट** सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।




## Question 2

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिंदी** में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए : [7]

**(i)** मकर संक्रांति के अवसर पर पक्षियों पर होनेवाले आघात की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए , उस दिन पतंग ना उड़ाएँ जाने का आदेश देने का अनुरोध करते हुए जिला प्रशासन को पत्र लिखिए।

**(ii)** विद्यालय के खेल दिवस में ‘ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ’ का सम्मान पानेवाले मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

## Question 3

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

किसी जंगल में एक बहुत बड़ा तालाब था। तालाब के पास एक बागीचा था , जिसमें अनेक प्रकार के पेड़ - पौधे लगे थे। दूर- दूर से लोग वहाँ आते और बागीचे की तारीफ करते थे।

गुलाब के पेड़ पर लगा पत्ता हर रोज लोगों को आते-जाते और फूलों की तारीफ करते देखता, उसे लगता कि हो सकता है एक दिन कोई उसकी भी तारीफ करे। पर जब काफी दिन बीत जाने के बाद भी किसी ने उसकी तारीफ नहीं की तो वह काफी हीन महसूस करने लगा। उसके अन्दर तरह-तरह के विचार आने लगे— “ सभी लोग गुलाब और

अन्य फूलों की तारीफ करते नहीं थकते पर मुझे कोई देखता तक नहीं , शायद मेरा जीवन किसी काम का नहीं …कहाँ ये खूबसूरत फूल और कहाँ मैं… ” और ऐसे विचार सोच कर वो पत्ता काफी उदास रहने लगा।

दिन यूँ ही बीत रहे थे कि एक दिन जंगल में बड़ी जोर-जोर से हवा चलने लगी और देखते ही देखते उसने आंधी का रूप ले लिया। बागीचे के पेड़-पौधे तहस-नहस होने लगे , देखते-देखते सभी फूल ज़मीन पर गिर कर निढाल हो गए , पत्ता भी अपनी शाखा से अलग हो गया और उड़ते-उड़ते तालाब में जा गिरा।

पत्ते ने देखा कि उससे कुछ ही दूर पर कहीं से एक चींटी हवा के झोंको की वजह से तालाब में आ गिरी थी और अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रही थी।

चींटी प्रयास करते-करते काफी थक चुकी थी और उसे अपनी मृत्यु तय लग रही थी कि तभी पत्ते ने उसे आवाज़ दी, “ घबराओ नहीं, आओ , मैं तुम्हारी मदद कर देता हूँ। ”, और ऐसा कहते हुए उसने चींटी को अपने ऊपर बैठा लिया। आंधी रुकते-रुकते पत्ता तालाब के एक छोर पर पहुँच गया। चींटी किनारे पर पहुँच कर बहुत खुश हो गयी और बोली, “ आपने आज मेरी जान बचाकर बहुत बड़ा उपकार किया है , सचमुच आप महान हैं, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ! ” यह सुनकर पत्ता भावुक हो गया और बोला , “ धन्यवाद तो मुझे करना चाहिए , क्योंकि तुम्हारी वजह से आज पहली बार मेरा सामना मेरी काबिलियत से हुआ , जिससे मैं आज तक अनजान था। आज पहली बार मैं अपने जीवन के मकसद और अपनी ताकत को पहचान पाया हूँ …।’

**ईश्वर** ने हम सभी को अनोखी **शक्तियाँ** दी हैं , कई बार हम खुद अपनी काबिलियत से अनजान होते हैं और समय आने पर हमें इसका पता चलता है, हमें इस बात को समझना चाहिए कि किसी एक काम में असफल होने का मतलब हमेशा के लिए अयोग्य होना नहीं है। खुद की काबिलियत को पहचान कर आप वह काम कर सकते हैं , जो आज तक किसी ने नहीं किया है !

**(i)** किसी से भी तारीफ ना मिलने पर पत्ते को क्या-क्या विचार आने लगे ? [2]

**(ii)** आंधी के कारण बगीचे का क्या हाल हुआ ? [2]

**(iii)** किनारे पर पहुँचकर चींटी ने पत्ते से क्या कहा ? [2]

**(iv)** पत्ता भावुक क्यों हो गया ? [2]

**(v)** प्रस्तुत गद्यांश के लिए उचित शीर्षक देते हुए यह बताइए कि इस गद्यांश द्वारा आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

**Question 3**

Answer the following according to the instructions given :-
निम्नलिखित **प्रश्नों** के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) ‘ सुंदर ’ शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]

(a) महक – मंजुल
(b) सुहावना – रमणीक
(c) कंचन – सैरंधी
(d) खुशबु – सुन्दरता

ii) ‘ विशेष ’ शब्द का विलोम बताइए :- [1]

(a) विशेषता

(b) विस्मरण

(c) अ – विशेष

(d) सामान्य

iii) ‘ लूटना ’ की भाववाचक संज्ञा बताइए :- [1]

(a) लूटेरा

(b) लुटाई

(c) लूट

(d) बर्बाद

iv) ‘ यश ’ शब्द का विशेषण बताइए :- [1]

(a) यशी

(b) यशपाल

(c) यशस्वी

(d) यशता

v) ‘ सिकारी ’ का शुद्ध रूप बताइए :- [1]

(a) शीकारी

(b) शिकारी

(c) शिकारि

(d) सीकारी

vi) ‘ मक्खियाँ मारना ’ मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(a) ख़ुशी में बाधा पड़ना

(b) भेद खोलना

(c) टिका – टिप्पणी करना

(d) व्यर्थ बैठना

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

यद्यपि वह धनी है , परंतु उसमें अभिमान नहीं है । ( वाक्य का भेद पहचानिए )

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्रित वाक्य

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

मेरे पास केवल मात्र पाँच रूपए हैं। ( वाक्य शुद्ध कीजिए )

(a) मेरे पास मात्र केवल पाँच रूपए हैं।

(b) मेरे पास मात्र पाँच रूपए है।

(c) मेरे पास केवल पाँच रूपए हैं।

(d) मेरे पास मात्र केवल पाँच रूपए है।

## SECTION 'B' (40 Marks)

*Attempt **Four** questions from this Section.*

**साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ**

## Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

" जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए।"

i) किस मूर्ति के विषय में बात की जा रही है ? यह मूर्ति कहा स्थित है ? [2]

ii) वक्ता कौन है ? उसने किसके प्रयासों की सराहना की और क्यों ? [2]

iii) लेखक के शब्दों में मूर्ति का चित्रात्मक वर्णन कीजिए। [3]

iv) **देशभक्ति** आजकल मज़ाक की चीज बनकर रह गई है। ऐसा लेखक ने क्यों कहा है ? विस्तारपूर्वक लिखिए। [3]

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

" दूसरे दिन नैनीताल स्वर्ग के किसी काले गुलाम पशु के दुलार का वह बेटा – वह बालक , निश्चित समय पर हमारे 'होटल डी पव ' में नहीं आया। हम अपनी नैनीताल – सैर खुशी – खुशी ख़त्म कर चलने को हुए। उस लड़के की आस लगाए बैठे रहने की जरुरत हमने न समझी। "

i) 'उस लड़के ' शब्दों से किसकी ओर संकेत किया गया है ? वह लड़का लेखक और उनके मित्र को कहा मिला था ? [2]

ii) लेखक अपने मित्र के साथ कहाँ गए थे और क्यों ? [2]

iii) लेखक और लेखक के मित्र स्वभाव में क्या अंतर है ? समझाकर लिखिए। [3]

iv) इस कहानी के द्वारा लेखक ने मूलतः किस समस्या को पाठकों के समक्ष रखना चाहा है ? स्पष्ट कीजिए। [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

श्रीकंठ खा – पीकर आनंदी के पास गए। वह भरी बैठी थी। ये हज़रत भी कुछ तीखे थे।आनंदी ने पूछा, "चित्त तो प्रसन्न है ?" श्रीकंठ सिंह बोले , ' बहुत प्रसन्न है पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा था ?'

i) श्रीकंठ सिंह कौन है ? उनका परिचय लिखिए। [2]

ii) ' वह भरी बैठी थी ' इस वाक्य का क्या तात्पर्य है ? कारण सहित उत्तर लिखिए। [2]

iii) ' उपद्रव ' शब्द का क्या अर्थ है ? घर में क्या उपद्रव मचा था ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

v) ' शांति और धैर्य से हम परिस्तिथि को बिगड़ने से बचा सकते हैं ' कहानी के अंत को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में अपने विचार लिखिए । [3]

## Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

झरने अनेक झरते , जिसकी पहाड़ियों में ,
चिड़ियाँ चहक रही हैं , हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं , कोयल पुकारती है।
बहती मलय पवन है , तन – मन सँवारती है ,
वह धर्मभूमि मेरी , वह कर्म भूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी , वह मातृभूमि मेरी।

i) उपर्युक्त पंक्तियों में ' झरनों ' और ' पवन ' के बारे में क्या – क्या कहा गया है ? [2]

ii) धर्मभूमि और कर्मभूमि से क्या तात्पर्य है ? [2]

iii) उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर भारत के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए। [3]

iv) कविता का शीर्षक लिखते हुए बताइए कि इस कविता के द्वारा कवि ने हमें क्या संदेश दिया है ? [3]

## Question 9

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
‘ बरस बाद सुध लीन्हीं ’।
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की ,
हरसाया ताल , लाया पानी परात भर के।
मेघ आए बड़े बन – ठन के सँवर के।

i) ‘ जुहार ’ शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि पीपल के संदर्भ में कवि ने क्या कहा है ? [2]

ii) मेघों के आने पर लता ने उनसे क्या कहा और कैसे ? [2]

iii) ‘ ताल ’ किसका प्रतीक है ? कविता में ताल के विषय में क्या कहा गया है ? उसके हरसाने का क्या तात्पर्य है ? [3]

iv) मेघों के आने का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। [3]

## Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

खीजत जात माखन खात।
अरुण लोचन, भौंह टेढ़ी, बार - बार जम्हात।
कबहुँ रुनझुन चलत घुटुरुन, धूर - धूसर गात।
कबहुँ झुक कें अलक खेंचत नैन जल भर लात।
कबहुँ तुतरे बोल बोलत कबहुँ बोलत तात।
‘सूर’ हरि की निरखि सोभा, निमिख तजत न मात।

i) पंक्तियों का प्रसंग स्पष्ट कीजिए। [2]

ii) किसके नैन जल से भर जाते हैं और क्यों ? [2]

iii) बाल कृष्ण की चेष्टाओं का वर्णन कीजिए। [3]

iv) शब्दार्थ लिखिए। [3]

i) कबहुँ ii) अरुण iii) लोचन iv) गात v) हरि vi) अलक